पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कड़पा

केंद्रीय विद्यालय संगठन स्थापना दिवस समारोह **2023**

प्रतिवेदन

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कडपा मे केंद्रीय विद्यालय संगठन का हीरक जयंती समारोह दिनांक 15 दिसम्बर 2023 को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री मुनेश मीना ने की । विद्यालय के स्काउट गाइड शिक्षक श्री के.वी.के. रेड्डी के मार्गदर्शन मे विद्यार्थियों ने स्कार्फ पहनाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया । प्राचार्य ने के.वि. ध्वज फहराया । कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन क़े साथ हुआ । इसके बाद शास्त्रीय नृत्य के साथ ईश्वर की वंदना प्रस्तुत की गई । तत्पश्चात माध्यमिक कक्षाओं की बालिकाओं ने केंद्रीय विद्यालय संगठन का गीत “भारत का स्वर्णिम गौरव……” प्रस्तुत किया । इस गीत के उपरांत विविध कार्यक्रम संपन्न हुए जिनमें बाल वाटिका के नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं का नृत्य और प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियो के लोक नृत्य विशेष आकर्षण रहे । इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षक –हिंदी श्री ओम प्रकाश जांगिड़ ने अपने उद्बोधन में केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना और उसकी प्रगति पर प्रकाश डाला । विद्यालय के प्राचार्य और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन मे विद्यार्थियों को अपने कार्यों और गतिविधियों से केंद्रीय विद्यालय संगठन का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम का समापन प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका - अंग्रेजी श्रीमती रुकय्या खातून के धन्यावाद ज्ञापन के साथ हुआ ।

प्राचार्य

KENDRIYA VIDYALAYA - KADAPA
KVS FOUNDATION DAY
15th December 2023

KV School Code: 2077
AN AUTONOMOUS
FOUNDATION DAY
15th December 2023

KV School Code: 2077
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कड़पा
शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एवं स्वायत निकाय
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA KADAPA
AN AUTONOMOUS BODY UNDER MINISTRY OF EDUCATION, GOVERNMENT OF INDIA.

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कड़पा
शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एवं स्वायत निकाय
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA KADAPA
AN AUTONOMOUS BODY UNDER MINISTRY OF EDUCATION, GOVERNMENT OF INDIA.